देव संस्कृति कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नालॉजी में कैरियर मार्गदर्शन

देव संस्कृति कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नालॉजी में दैनिक भास्कर द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन व व्यक्तित्व विकास के लिए सुझाव दिये गये व दैनिक भास्कर की तरफ से रोजगार हेतु परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के डी.एल.एड विभाग से हेमंत यादव का चयन हुआ।

कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया, कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती ज्योति शर्मा व प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बालियान के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों ने अपना सहयोग प्रदान किया।